# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 23 दिसम्बर, 2016/ 2, पौष, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न - 22**

----

### धनराशि की प्राप्ति

1539 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में मनरेगा के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि भारत सरकार से प्राप्त हुई; ब्यौरा जिला/विकास खण्डों का वर्षवार दें;

(ख) इस अवधि में कितनी धनराशि भूमि विकास (Land Development) पर खर्च की गई; ब्यौरा विकास खण्डवार दें; और

(ग) जिस भूमि का विकास (Development) किया गया उसे क्या कृषि हेतु प्रयोग में लाया गया है; यदि हां, तो कितने प्रतिशत; यदि नहीं, तो कारण?

----

### बल्ब वितरण

1540 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने LED के बल्ब आवंटित किए गए; यह बल्ब किस दर से क्रय किए गए व किस दर से उपभोक्ताओं को दिये गये; ब्यौरा मण्डल एवं वर्षवार दें;

(ख) किन-किन कम्पनियों से यह बल्ब क्रय किए गए; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) इस अवधि में योजना के लिये क्या भारत सरकार से सहायता राशि प्राप्त हुई है; ब्यौरा वर्षवार दें ; और

(घ) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार ने दिनांक 15 अगस्त, 2016 को 55 रूपये प्रति बल्ब क्रय करने की घोषणा की है; यदि हां, तो वर्तमान में उपभोक्ताओं को किस दर से दिये जा रहे हैं?

----

## ठेकों की नीलामी

**1541 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक प्रथम जनवरी, 2016 से शराब की कितनी दुकानों की नीलामी की गई; कितनी राशि प्राप्त की गई व कितनी धनराशि किन-किन ठेकेदारों से लेनी शेष है; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम, पते सहित दें;

(ख) इन ठेकेदारों को देसी/अंग्रेजी शराब की आपूर्ति की नीति का विवरण दें;

(ग) इस कार्य हेतु किस निगम का गठन किया गया तथा कितनी-कितनी मात्रा में शराब किन-किन से कितनी-कितनी दरों में खरीदी गई व किन दरों पर ठेकेदारों को दी गई; ब्यौरा दें;

(घ) प्रदेश में शराब के बड़े डिपो कहां-कहां हैं; और

(ङ) गत तीन वर्षों में दिनांक 30.11.2016 तक प्रदेश में कितनी शराब की खपत हुई; ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## Vacant Posts

**1542 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of Part Time Water Carrier are lying vacant in the State; and

(b) by when the Government proposes to fill up these posts?

----

## Vacant Posts in Ayurveda Department

1543 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Cooperation Minister** be pleased to state that:-

(a) how many institutions of Ayurveda Department are there in Dalhousie Assembly Constituency;

(b) how many post of different categories have been sanctioned in these institutions;

(c) how many posts are lying vacant; and

(d) what steps the Department is taking to fill up the vacant posts?

----

## Construction of Hostels

1544 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that whether the Government has any proposal to construct hostels for children of Tribal and minority communities in Salooni Tehsil of Chamba District?

----

## कर्मचारियों का नियमितीकरण

1545 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमुडा में चतुर्थ श्रेणी के कितने कर्मचारी कार्यरत हैं तथा इनमें से कितने तथा कब से दैनिक वेतन भोगी हैं; इन कर्मचारियों को नियमित करने हेतु क्या प्रावधान है; और

(ख) हिमुडा में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु नियमों में क्या प्रावधान है; भर्ती एवं पदोन्नति नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## नई परियोजनाएं

1546 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने वन विभाग से सम्बन्धित नई परियोजनाएं विदेशी सहायता हेतु भारत सरकार को प्रेषित की हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो  यह परियोजनाएं कितनी-कितनी राशि व किस-किस क्षेत्र/जिला से सम्बन्धित हैं; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1547 **श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में विकास खंड पंचरुखी और लम्बागांव में कौन-कौन से पद स्वीकृत हैं; और

(ख) इन विकास खण्डों में कौन से पद कब से रिक्त  हैं;  ब्यौरा  पदवार दें ?

----

## सड़क की अद्यतन स्थिति

1548 **श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गांव बालू से लेकर तिनबड़ और चढ़ियार से लेकर हारसीपतन सड़क किस मद के अन्तर्गत निर्मित की गई है; और

(ख) वर्तमान में इस सड़क पर एनुअल मैंटेनेंस प्लान के अन्तर्गत कितने किलोमीटर तक तारकोल बिछाई गई; ब्यौरा दें ?

----

## एकल खिड़की कार्यालय

1549 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़  में स्थापित उद्योगों में कर्मचारी वर्ग/प्रशासनिक स्टाफ की भर्ती की मांग को बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ रोजगार कार्यालय व उद्योग विभाग की एकल खिड़की कार्यालय को भेजने का विचार रखती है?

----

## शीतकालीन सत्र पर व्यय

1550 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा विधान सभा के शीतकालीन सत्र को धर्मशाला में आयोजित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा विभागों का वर्षवार दें;

(ख) इस अवधि में सरकार द्वारा रहने, खाने, सुरक्षा, वाहनों इत्यादि पर कितना-कितना व्यय किया गया; ब्यौरा मद व वर्षवार दें; और

(ग) इस अवधि के दौरान जिला कांगड़ा के प्रशासन द्वारा सत्र हेतु कितना खर्च वहन किया गया; ब्यौरा मद व वर्षवार दें?

----

## अधिगृहित भूमि

1551 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा ऊना-जाहू-नेरचौक सड़क निर्माण हेतु गांव हवाणी, ग्राम पंचायत भाम्बला, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मण्डी में अधिगृहित भूमि के लिए दिये गये मुआवजे को वापिस वसूल किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) यह मुआवजा पहले क्या सही आकलन कर अदा नहीं किया गया था; उस समय आकलन करने वाले अधिकारियों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(घ) सरकार क्या इस प्रक्रिया को बंद करने का विचार रखती है; और

(ड.) यदि नहीं; तो ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## शिक्षण संस्थानों में नियुक्तियां

1552 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में 10वीं से लेकर कॉलेज स्तर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों व कार्यालयों में नॉन-टीचिंग स्टाफ में विभिन्न श्रेणियों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा इनके विरूद्ध नियमित/अनुबन्ध आधार पर/पी0टी0ए0/AF(Amalgamated Fund)/SMC के अन्तर्गत कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा पृथक-पृथक दें; और

(ख) इन कर्मचारियों (अनुबन्ध के अन्तर्गत/पी0टी0ए0/AF/SMC) को नियमित करने के नियमों की प्रति सभा पटल पर रखे?

----

## पंजीकृत झुग्गी-झोंपड़ियां

1553 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में कितनी पंजीकृत व अपंजीकृत झुग्गी-झोंपड़ियां हैं; ब्यौरा प्रवासी मजदूरों की संख्या का जिलावार दें; और

(ख) इनमें से कितनी झुग्गी-झोंपड़ियां सरकारी व गैर-सरकारी भूमि पर हैं तथा इनमें शौचालयों की क्या व्यवस्था है; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## लो-वोल्टेज

1554 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने गांव में लो-वोल्टेज की समस्या है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) सरकार क्या इस समस्या के समाधान के लिए इन गांव में नये ट्रांसफार्मर लगाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

1555 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार शिकारी माता मंदिर और कमरुनाग घाटी को क्या पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## वन रक्षक की भर्ती

1556 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा हाल ही में वन रक्षक की भर्ती हेतु ली गई लिखित परीक्षा की मैरिट सूची, प्रार्थियों के नम्बरों सहित जारी नहीं की गई; यदि हां, तो विवरण कारण सहित दें?

----

## सड़क दुर्घटनाएं

1557 **डॉ0 राजीव सैजल (कसौली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर बड़ोग से परवाणू के मध्य कितनी दुर्घटनाएं हुईं; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) इन दुर्घटनाओं में कितने जान-माल की क्षति हुई तथा यह दुर्घटनाएं कहां-कहां पर हुईं; ब्यौरा दें ?

----

## बैकलॉग की भर्ती

1558 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार टी0जी0टी0 आर्ट्स (एस.टी.) के बैकलॉग को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

1559 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक विधायक प्राथमिकता में कितनी सड़कें एवं पुल डाले गए;

(ख) कितनी सड़कों एवं पुलों की डी0पी0आर0 तैयार नहीं की गई; ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ग) धारटा मोड़ से नलोह तक बनने वाली सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है; यह सड़क कब तक बन कर तैयार होगी; ब्यौरा दें?

----

## उठाऊ सिंचाई योजना

1560 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्मित की जा रही सिंचाई योजनाओं के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में इन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 7 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**